# राष्ट्रीय सेवा योजना
## जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया

पता- शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला- बलिया, उ. प्र., पिन कोड- 277001

ई-मेल- nssjncu@gmail.com , kksinghd@gmail.com

मोबाईल फोन नम्बर- 9452400911


दिनांक- 30/08/2024

पत्रांक- जे.एन.सी.यू./एन.एस.एस./45/2024-25

सेवा में,

समस्त कार्यक्रम अधिकारी एवं प्राचार्य/ प्राचार्या,

राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित महाविद्यालय।

**विषय- बिल/ वाउचर की मूल प्रति, वार्षिक प्रतिवेदन की मूल प्रति एवं वार्षिक प्रतिवेदन की वर्ड कॉपी उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय/ महोदया,

उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त विश्वविद्यालयों के वित्त अधिकारियों की एक महत्त्वपूर्ण बैठक आज दिनांक 30 अगस्त, 2024 को ली गई, जिसमें अनुदान राशि का वितरण नहीं होने एवं कुछ संस्थाओं/महाविद्यालयों द्वारा बिल/ वाउचर, वार्षिक प्रतिवेदन तथा अन्य अभिलेख ससमय जमा नहीं किये जाने पर गहरा असंतोष व्यक्त किया गया।

बैठक में शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि-

1. समस्त महाविद्यालय सत्र 2022-23 एवं सत्र 2023-24 में उपभोग प्रमाण पत्र में दर्शायी गई धनराशि से सम्बन्धित बिल/ वाउचर की मूल प्रति अधिकतम दिनांक 03 सितंबर, 2024 तक या उसके पूर्व उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
2. सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के वार्षिक प्रतिवेदन को निर्धारित तिथि 03 सितंबर, 2024 तक कार्यालय में जमा कर दें।
3. वार्षिक प्रतिवेदन की वर्ड कॉपी, सम्बन्धित फोटोग्राफ के सॉफ्ट कॉपी सहित विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के ई-मेल आईडी.- nssjncu@gmail.com पर निर्धारित अवधि में अवश्य प्रेषित करें।

**जिन संस्थाओं/महाविद्यालयों द्वारा उपरोक्त अभिलेख निर्धारित समयान्तर्गत जमा नहीं कराया जायेगा, उनसे पूर्व में जारी की गई अनुदान राशि की वापसी की प्रक्रिया आरम्भ की जायेगी, साथ ही इसे वित्तीय अनियमितता मानते हुए सम्बन्धित कार्यक्रम अधिकारी एवं प्राचार्य/प्राचार्या के विरूद्ध वित्तीय अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू कर दी जायेगी।**

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय

30/08/2024

डॉ. (कृष्ण कुमार सिंह),

कार्यक्रम समन्वयक

Scanned with OKEN Scanner

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. निजी सचिव, कुलपति जी को कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
3. कुलसचिव, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
4. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ
5. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड), लखनऊ।
6. वेबसाइट प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने एवं कालेज लॉगिन में प्रेषित करने के लिए।
7. सम्बन्धित पत्रावली।

भवदीय,

30/08/2024

डॉ. (कृष्ण कुमार सिंह),
कार्यक्रम समन्वयक

Scanned with OKEN Scanner

उत्तर प्रदेश शासन
उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग
संख्या–392 / सत्तर–रा0से0यो0को0–2024
लखनऊ: दिनांक 27 अगस्त, 2024
कार्यालय–ज्ञाप

भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 एवं वित्तीय वर्ष 2023–24 (प्रथम किश्त) राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित विश्वविद्यालय / माध्यमिक मण्डल को सामान्य कार्यक्रम एवं विशेष शिविर कार्यक्रम हेतु अनुदानित देय धनराशि प्रतिपूर्ति किये जाने के उपरान्त शासन स्तर से अवमुक्त धनराशि को विश्वविद्यालय / माध्यमिक मण्डल द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 एवं वित्तीय वर्ष 2023–24 का "Unspent Huge Balance व्यय न किये जाने, वित्तीय वर्ष 2022–23 व 2023–24 में व्यय धनराशि का उपभोग / व्यय प्रमाण पत्र एवं कार्यक्रम अधिकारियों तथा स्वयंसेवको के डाटा के सम्बन्ध में विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 30.08.2024 को अपराह्न 2:30 बजे ऑनलाइन वर्चुअल बैठक में विश्वविद्यालय, वित्त अधिकारी को प्रतिभाग किया जाना है।

2. वित्तीय वर्ष 2023–24 का "Unspent Huge Balance व्यय न किये जाने, वित्तीय वर्ष 2022–23 व 2023–24 में व्यय धनराशि का उपभोग / व्यय प्रमाण पत्र एवं कार्यक्रम अधिकारियों तथा स्वयंसेवको के डाटा के सम्बन्ध में वांछित अभिलेख सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर ऑनलाइन वर्चुअल बैठक में विश्वविद्यालय, वित्त अधिकारी प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

3. विश्वविद्यालय, वित्त अधिकारी निर्धारित तिथि एवं समय पर ऑनलाइन वर्चुअल बैठक में प्रतिभाग करने हेतु Zoom Meeting का लिंक ससमय उपलब्ध करा दिया जायेगा।

27/08/2024
डॉ0 (मंजू सिंह)
विशेष कार्याधिकारी एवं
राज्य सम्पर्क अधिकारी।

1. वित्त अधिकारी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
2. वित्त अधिकारी, डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
3. वित्त अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
4. वित्त अधिकारी, छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।
5. वित्त अधिकारी, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी।
6. वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
7. वित्त अधिकारी, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
8. वित्त अधिकारी, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।
9. वित्त अधिकारी, प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
10. वित्त अधिकारी, महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़।
11. वित्त अधिकारी, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध वि0वि0, अयोध्या।
12. उप शिक्षा निर्देशक मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद।
13. उप शिक्षा निर्देशक गोरखपुर मण्डल गोरखपुर।
14. उप शिक्षा निर्देशक अयोध्या मण्डल, अयोध्या।
15. वित्त अधिकारी, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।
16. वित्त अधिकारी, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़।

संख्या–392(1) / सत्तर–रा0से0यो0को0–2024–तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(1) निजी सचिव, प्रमुख सचिव को प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
(2) निजी सचिव, विशेष सचिव को विशेष सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
(3) अवर सचिव, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली।
(4) क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय, हाल नं0–1 आठवां तल, केन्द्रीय भवन, सैक्टर–एच0, अलीगंज, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की ऑनलाइन आहूत बैठक में ससमय प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,
27/08/2024
(डॉ0 मंजू सिंह)
विशेष कार्याधिकारी एवं
राज्य सम्पर्क अधिकारी।

H.E.3

Scanned with OKEN Scanner